# SAMPLE PAPER

International Olympiad Foundation

EXCELLENCE IN EDUCATION
International Olympiad Foundation

| 14+ | MCQ | 0 |
|---|---|---|
| OLYMPIADS | FORMAT | NEGATIVE MARKS |

OLYMPIAD
## Hindi Olympiad
International Olympiad Foundation (IOF) · www.iof.education

| CLASS / GRADE | SUBJECT | DURATION | MAX MARKS |
|---|---|---|---|
| Class 6 | IFHO | 60 Min | 50 |

### GENERAL INSTRUCTIONS

- All questions are Multiple Choice Questions (MCQs) with options A, B, C, D, E
- Each correct answer carries 1 mark. No negative marking for wrong answers.
- Rough work should be done separately. Do not write on question paper.

### PAPER HIGHLIGHTS

- **Multiple Choice Questions (MCQ)**
  Five options per question (A, B, C, D, E). Select the single most appropriate answer.
- **No Negative Marking**
  1 mark per correct answer. Zero deductions — attempt every question.
- **Conducted by IOF**
  International Olympiad Foundation — fostering excellence among students across India.

SUBJECTS: Cyber · English · Entrepreneurship · Mathematics · Commerce · Economics · GK & Current Affairs · Science · Western Music · Sanskrit · Indian Music · Hindi · Reasoning & Aptitude · Spell Talent

ALL IOF OLYMPIAD PROGRAMMES

- IFCO — International Foundation Cyber Olympiad
- IFEO — International Foundation English Olympiad
- IFEnO — International Foundation Entrepreneurship Olympiad
- IFMO — International Foundation Mathematics Olympiad
- ICSI — Institute of Company Secretaries of India Commerce Olympiad
- IFEcO — International Foundation Economics Olympiad
- IFGCO — International Foundation General Knowledge & Current Affairs Olympiad
- IFSO — International Foundation Science Olympiad
- IFWMuO — International Foundation Western Music Olympiad
- IFSaO — International Foundation Sanskrit Olympiad
- IFIMuO — International Foundation Indian Music Olympiad
- IFHO — International Foundation Hindi Olympiad
- IFRAO — International Foundation Reasoning & Aptitude Olympiad
- IFSTO — International Foundation Spell Talent Olympiad

© International Olympiad Foundation (IOF) · All Rights Reserved

**Q1.** हिंदी भाषा में ध्वनियाँ कितने प्रकार की होती हैं? [+1] [-0]

A. 2

B. 4

C. 6

D. 8

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q2.** जिनका उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है और जो व्यंजन के उच्चारण में सहायक होते हैं, उसे क्या कहते हैं ? [+1] [-0]

A. संज्ञा

B. स्वर

C. व्यंजन

D. विसर्ग

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q3.** हिंदी वर्णमाला में स्पर्श व्यंजनों की संख्या कितनी है? [+1] [-0]

A. 25

B. 30

C. 20

D. 35

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q4.** ` कदापि ` का वर्ण विच्छेद क्या है? [+1] [-0]

A. क्+ अ + द्+ आ+ प्+ इ

B. कदा + अपि

C. क+अदा + पि

D. क+ दा+ पि

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q5.** ` अरबी भाषा ` की लिपि क्या है? [+1] [-0]

A. उछेन

B. रोमन

C. फारसी

D. ब्राह्मी

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q6.** `अबूगिडा` लिपि किस भाषा से संबंधित है? [+1] [-0]

A. संस्कृत

B. सिंहली

C. चीनी

D. उर्दू

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q7.** ` राम की गाय चरती है ।` इस वाक्य में कौन - सा कारक है? [+1] [-0]

A. कर्ता कारक

B. कर्म कारक

C. सम्बन्धकारक

D. अधिकरणकारक

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q8.** ` भुजा` का बहुवचन क्या है? [+1] [-0]

A. भुजाओं

B. बहुभुज

C. भुजा-भुजा

D. भुजाएँ

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q9.** ` चाकू ` शब्द का बहुवचन क्या होगा ? [+1] [-0]

A. चाकूएं

B. चाकुओ

C. चाकूओं

D. चाकू

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q10.** `दासत्त्व ` किस प्रकार की संज्ञा है? [+1] [-0]

A. पदार्थवाचक संज्ञा

B. व्यक्तिवाचक संज्ञा

C. भाववाचकसंज्ञा

D. जातिवाचक संज्ञा

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q11.** ` पच्चीस रूपए दीजिए ।` इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण पहचानें? [+1] [-0]

A. क्रमवाचक विशेषण

B. समुदायवाचक विशेषण

C. निश्चित संख्यावाचक विशेषण

D. आवृत्तिवाचक विशेषण

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q12.** निम्न में से कौन- सा एक विशेषण नहीं है? [+1] [-0]

A. अकूत

B. अचार

C. अकर्ण

D. अचंड

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q13.** निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द चुनकर लिखिए - [+1] [-0]

A. चाहत

B. रंगत

C. मेहनत

D. आहार

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q14.** ` भील ` शब्द का ` स्त्रीलिंग `क्या है? [+1] [-0]

A. भालू

B. भीलनी

C. भिलीनी

D. भालना

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q15.** निम्न में से `प्रेरणार्थक क्रिया ` कौन - सी है? [+1] [-0]

A. गिरना

B. उठना

C. समझाना

D. सुनना

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q16.** किस वाक्य में ` संभावनार्थक क्रिया ` का प्रयोग है? [+1] [-0]

A. सबका कल्याण हो ।

B. अहिंसा धर्म का पालन करना चाहिए ।

C. शायद मेरी लाटरी लग जाए ।

D. मोहन खेल रहा होगा ।

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q17.** निम्नलिखित में से अभिज्ञ का विलोम शब्द कौन - सा है ? [+1] [-0]

A. अनुभवी

B. भिज्ञ

C. विज्ञ

D. अनभिज्ञ

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q18.** निम्नलिखित में से कौन- सा शब्द ` अनेकार्थक ` है? [+1] [-0]

A. साहस

B. पुस्तक

C. अम्बर

D. बालक

E. कोई विकल्प सही नहीं है

**Q19.** निम्न में से `युग्म शब्द ` की कौन - सी जोड़ी सही है? [+1] [-0]

A. न्याय - अन्याय

B. धरा - पृथ्वी

C. अचल - अचला

D. मान - अपमान

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q20.** ` इंद्रियों को जीत लिया हो जिसने ` इस वाक्यांश के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए । [+1] [-0]

A. इंद्रजीत

B. इन्द्र

C. जितेन्द्रिय

D. इन्द्रिपति

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q21.** ` शिवाला ` शब्द इनमें से किसका ` पर्यायवाची ` है? [+1] [-0]

A. अर्थात्

B. मन्दिर

C. पुष्पसेज

D. मंडप

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q22.** इनमें से ` भुजंग ` का कौन-सा ‘पर्यायवाची शब्द ’ नहीं है? [+1] [-0]

A. व्याल

B. गरुड़

C. सर्प

D. पन्नग

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q23.** ` एवम् ` का `तद्भव रूप ` क्या होगा? [+1] [-0]

A. एवं

B. और

C. तथा

D. यों

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q24.** निम्नलिखित में से कौन - सा `तत्सम शब्द ` है? [+1] [-0]

A. आलस्य

B. आम

C. आग

D. आसरा

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q25.** ` वह एक अच्छा छात्र है।` इस वाक्य में ` निश्चय वाचक सर्वनाम ` कौन - सा है? [+1] [-0]

A. वह

B. एक

C. अच्छा

D. छात्र

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q26.** इनमें से कौन - सा दिन श्री शनि देव जी एवं श्री हनुमान जी के पूजन हेतु श्रेष्ठ माना जाता है? [+1] [-0]

A. रविवार

B. बुधवार

C. सोमवार

D. शनिवार

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q27.** 66 (६६) को कैसे लिखते हैं ? [+1] [-0]

A. छीयासठ

B. छियासठ

C. शियासठ

D. क्षियासठ

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q28.** हिंदी कैलेंडर के अनुसार वर्ष का पाँचवाँ महीना कौन - सा है? [+1] [-0]

A. चैत्र

B. आषाढ़

C. ज्येष्ठ

D. श्रावण

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q29.** निम्न में कौन - सा वाक्य `सरल वाक्य ` नहीं है? [+1] [-0]

A. लड़का दौड़ता है।

B. बंदर पेड़ पर चढ़ रहे थे ।

C. मैंने लड़के को बुलाया।

D. इस मेले का उद्देश्य है कि व्यापार में वृद्धि हो ।

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q30.** निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए - [+1] [-0]

A. अनेक निरपराध दंड के भागी हुए ।

B. इसके एकमात्र दो कारण हो सकते हैं।

C. माता-पिता की शुश्रूषा करनी चाहिए ।

D. तूफ़ान आने का सन्देह है ।

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q31.** इनमें से किस भाषा की लिपि फारसी है ? [+1] [-0]

A. नेपाली

B. जापानी

C. मराठी

D. उर्दू

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q32.** इनमें से कौन - सी देवनागरी लिपि की वर्ण - ध्वनि नहीं है? [+1] [-0]

A. ग्रीवा ध्वनि

B. मूर्धा ध्वनि

C. कण्ठ ध्वनि

D. दंतोष्ठ्य ध्वनि

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q33.** अधोलिखित में से कौन - सा शब्द पुल्लिंग है? [+1] [-0]

A. आशा

B. कष्ट

C. क्षमा

D. सेना

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q34.** ` जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है ` उसे क्या कहते हैं? [+1] [-0]

A. विशैस्य

B. विशेषण

C. विशेषण एवं विशेष्य

D. विशिष्ट

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q35.** निम्नलिखित में से किसका प्रयोग केवल बहुवचन में होता है? [+1] [-0]

A. पाठक

B. प्राण

C. नदी

D. स्त्री

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q36.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में ` अकर्मक क्रिया ` है? [+1] [-0]

A. रामू खाना खा रहा है।

B. चालक गाड़ी चलाता है।

C. श्याम हँसता है ।

D. माँ स्वेटर बुनती है।

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q37.** इनमें से `पक्षी `का पर्यायवाची शब्द कौन- सा नहीं है? [+1] [-0]

A. खग

B. शकुनि

C. शकुंद

D. शकुन्त

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q38.** `अर्जन ` शब्द का `विलोम शब्द ` क्या है ? [+1] [-0]

A. अर्जित

B. व्ययन

C. अमृत

D. अनर्थ

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q39.** `प्रत्यय` क्या होता है? [+1] [-0]

A. शब्दांश

B. वाक्यांश

C. पदांश

D. प दयांश

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q40.** `अन्त: स्थ `और `उष्म वर्ण ` कितने हैं? [+1] [-0]

A. 6

B. 8

C. 9

D. 7

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q41-45.** निम्नलिखितगद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर एवं उचित विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [+1] [-0]

अपने प्रिय जनों रहित राज्य किस काम का ? प्यारी मनुष्य जाति का सुख ही जगत के मंगल का मूल साधन है।

बिना उसके सुख के अन्य सारे उपाय निष्फल हैं। धन की पूजा से ऐश्वर्य, तेज, बल और पराक्रम नहीं प्राप्त होते। चैतन्य आत्मा की पूजा से ही ये पदार्थ प्राप्त होते हैं । चैतन्य पूजा से ही मनुष्य का कल्याण हो सकता है । समाज का पालन करने वाले दूध की धारा जब मनुष्य का प्रेममय हृदय, निष्कपट मन और मित्रतापूर्ण नेत्रों से निकलकर बहती है तब वही जगत में सुख से खेतों को हरा -भरा और प्रफुल्लित करती है और वही उसमें फल भी लगाती है ।

**Q41:** किसके रहितराज्य किस काम का? [+1] [-0]

A. भद्र जनों से

B. श्रेष्ठ जनों से

C. प्रिय जनों से

D. शिक्षित जनों से

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q42:** ` जगत ` का क्या अर्थ है? [+1] [-0]

A. समाज

B. संसार

C. देश

D. प्रदेश

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q43:** ` निष्फल ` का क्या आशय है? [+1] [-0]

A. अधूरा

B. फलदायी

C. सार्थक

D. व्यर्थ

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q44:** ` सुख के खेतों को हरा-भरा और प्रफुल्लित ` करने का क्या अर्थ है? [+1] [-0]

A. जीवन को सुखमय बनाना

B. जीवन को दुखमय बनाना

C. खेतों की सिंचाई ना करना

D. खेतों की सिंचाई करना

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q45:** ` मंगल `का ` विपरीतार्थक ` शब्द क्या है? [+1] [-0]

A. कल्याण

B. सुमंगल

C. अमंगल

D. दु: ख

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q46-50.** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर एवं उचित विकल्प को चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **[+1] [-0]**

बिन अभिमान पेड़ देते हैं,
बीज, फूल, फल, ठंडी छाया
ये दधीचि बनकर हर युग में
न्योछावर कर देतेकाया ।
मौसम चाहे कैसा भी हो,
तरू की तरह निखरना भी सीखें ।।
कुदरत हमको रोज़ सिखाती,
जग हित में कुछ करना सीखें,
अपने लिए सभी जीते हैं,
औरों के हित मरना सीखें ।।

**Q46:** बिन अभिमान हमें पेड़ क्या देते हैं? [+1] [-0]

A. फल-फूल
B. ठंडी छाया
C. बीज
D. समस्त विकल्प A, B, और C सही हैं ।
E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q47:** पेड़ की तुलना किससे की गई है? [+1] [-0]

A. दधीचि से
B. तुलसीदास से
C. कबीरदास से
D. दानवीर कर्ण से
E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q48:** ` तरू ` का पर्यायवाची - शब्द क्या है? [+1] [-0]

A. वृक्ष
B. केतन
C. मार
D. अनंग
E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q49:** कुदरत हमें क्या रोज़ सिखाती है? [+1] [-0]

A. जग से कुछ लेना सीखें ।

B. जग हित में कुछ करना सीखें।

C. स्वरक्षा करना सीखें।

D. मौसम का आनंद लेना सीखें ।

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q50:** ` हित ` का विलोम शब्द क्या है? [+1] [-0]

A. कल्याण

B. उपदेश

C. पर्यावरण

D. अहित

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

INTERNATIONAL OLYMPIAD FOUNDATION (IOF)

# ANSWER KEY

Hindi Olympiad
www.iof.education

| CLASS / GRADE | SUBJECT | TOTAL QUESTIONS | MAX MARKS |
|---|---|---|---|
| Class 6 | IFHO | 50 | 50 |

ANSWER SHEET — 50 QUESTIONS

| Q01–Q10 | ANS | Q11–Q20 | ANS | Q21–Q30 | ANS | Q31–Q40 | ANS | Q41–Q50 | ANS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Q01 | A | Q11 | C | Q21 | B | Q31 | D | Q41 | C |
| Q02 | B | Q12 | B | Q22 | B | Q32 | A | Q42 | B |
| Q03 | A | Q13 | D | Q23 | B | Q33 | B | Q43 | D |
| Q04 | A | Q14 | B | Q24 | A | Q34 | B | Q44 | A |
| Q05 | C | Q15 | C | Q25 | A | Q35 | B | Q45 | C |
| Q06 | B | Q16 | C | Q26 | D | Q36 | C | Q46 | D |
| Q07 | C | Q17 | D | Q27 | B | Q37 | C | Q47 | A |
| Q08 | D | Q18 | C | Q28 | D | Q38 | B | Q48 | A |
| Q09 | D | Q19 | B | Q29 | D | Q39 | A | Q49 | B |
| Q10 | C | Q20 | C | Q30 | C | Q40 | B | Q50 | D |


◆ ALL IOF OLYMPIAD PROGRAMMES ◆

IFCO International Foundation Cyber Olympiad
IFEO International Foundation English Olympiad
IFEnO International Foundation Entrepreneurship Olympiad
IFMO International Foundation Mathematics Olympiad
ICSI Institute of Company Secretaries of India Commerce Olympiad
IFEcO International Foundation Economics Olympiad
IFGCO International Foundation General Knowledge & Current Affairs Olympiad
IFSO International Foundation Science Olympiad
IFWMuO International Foundation Western Music Olympiad
IFSaO International Foundation Sanskrit Olympiad
IFIMuO International Foundation Indian Music Olympiad
IFHO International Foundation Hindi Olympiad
IFRAO International Foundation Reasoning & Aptitude Olympiad
IFSTO International Foundation Spell Talent Olympiad